हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 25 अप्रैल 2025

तापमान

अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

11 अंडर 15 लड़कों में इंडस स्कूल के कार्तिक....



11 डीसी और एसपी का ग्रामीणों से सीधा संवाद



## खबर संक्षेप

### अवैध असलहा के साथ एक चढा पुलिस हत्थे

जींद। सीआईए स्टाफ सफीदों ने गैस एजेंसी के निकट एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से एक पिस्तौल बरामद किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ सफीदों को सूचना मिली थी कि गैस एजेंसी के निकट एक युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है। जो कहीं जाने की फिराक में है।

### लाखों रुपये ठगी मामले में आरोपित गिरफ्तार

कैथल। विदेश भेजने के सब्जबाग दिखाकर आमजन से ठगी करने वाले आरोपियों के खिलाफ जिला पुलिस कड़ी कार्रवाई की जा रही है। युवक को अमेरिका भेजने के नाम पर 49 लाख रुपये ठगी करने के मामले की जांच इकनॉमिक सैल प्रभारी पी.एस.आई संदीप की अगुवाई में एसआई कुलबीर सिंह की टीम द्वारा करते आरोपी गांव पीडल निवासी नरेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया।

### आज अढ़ाई घंटे बंद रहेगी बिजली सप्लाई

जींद। जींद में 132केवी ओल्ड पावर हाउस में मुरम्मत के काम के चलते 24 अप्रैल को बिजली सप्लाई दोपहर 3 से साढ़े 5 बजे तक बंद रहेगी। इस दौरान इससे जुड़े सिटी फीडर 1, 3 और 5 की बिजली सप्लाई बंद रहेगी। इसके अलावा 11 केवी रेलवे रोड, लिंक, कैथल रोड और स्वीचिंग फीडर बंद रहेंगे।

### चोरों ने हजारों का गेहूं चुराया, केस

कैथल। चीका खरौदी रोड से चोर हजारों का गेहूं चुरा कर ले गए। चीका के नरेंद्र कुमार ने शिकायत में आरोप लगाया है कि चोर 22 अप्रैल की रात को खरोदी रोड चीका पर अग्रवाल एग्रोटेक सैलर में लगाया गेहूं के 30 बैग चुरा कर ले गए। चुराए गए बैग की कीमत करीब 35 हजार रुपए बताई गई है। जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल संदीप कुमार ने बताया कि पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### व्यक्ति से मारपीट करने पर तीन के खिलाफ केस

जीद। झांज कला मे तूडी उतारने के दौरान धूल घर मे आने का विरोध करने पर हमला कर व्यक्ति को घायल करने पर सदर थाना पुलिस ने तीन लोगो के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सुरेद्र ने शिकायत मे बताया कि पडोसी जितेद्र तूडी उतार रहा था। धूल मकान मे आ रही थी। दमे का मरीज होने से उसने ट्राली आगे पीछे करने को कहा था।

### गोदाम से सामान चोरी करने का आरोपी दबोचा

कैथल। थाना शहर पुलिस के एसआई रणदीप सिंह की टीम द्वारा आरोपी गांव मांडवी पंजाब निवासी सिंदर उर्फ सुखविंद्र को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि दुर्गा एंटरप्राइजेज गोदाम चीका रोड़ कैथल के मालिक हुड्डा सेक्टर-20 निवासी राजेश की शिकायत अनुसार अज्ञात ने गोदाम पर चौकीदार से मारपीट कर ट्रांसफार्मर की तार, मोटर, फोन व कैमरे की डीवीआर चोरी करके ले गए।

### घर में घुस हमला करने पर नौ के खिलाफ केस

जीद। गांव सिवाना माल मे कहासुनी के चलते घर में घुस कर हमला कर व्यक्ति को घायल करने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने नौ लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। सिवानामाल निवासी अशोक ने पुलिस को शिकायत दी है।

### विवाहिता दो बच्चों संग घर से लापता

कैथल। जिले के गांव चंदलाना से एक विवाहिता दो बच्चों सहित लापता हो गई। इस मामले में ढांड थाना की पुलिस ने महिला के पति की शिकायत के आधार पर गुमशुदगी का केस दर्ज कर लिया है। ढांड थाना क्षेत्र के एक गांव चंदलाना के युवक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 23 अप्रैल को वह अपने किसी काम से बाहर गया हुआ था।

# आतंकी हमले के बाद भी श्रद्धालुओं के अमरनाथ यात्रा को लेकर हौसले बुलंद, पचास ने करवाया मेडिकल

*अब तक 300 से अधिक श्रद्धालु करवा चुके स्वास्थ्य जांच*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमला भी अमरनाथ यात्रियों के हौंसले को डिगा नही पाया है। हमले के बावजूद जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में लगभग 50 श्रद्धालुओं ने अपनी मेडिकल प्रक्रिया को पूरा करवाया। इस श्रद्धालुओं में तो एक परिवार के पांच युवा भी शामिल रहे। जिन्होंने अपनी हिफाजत के लिए भारतीय सेना पर पूरा भरोसा जताया और बाबा बर्फानी के प्रति अपनी अटूट श्रद्धा प्रकट की। गौरतलब है कि पहलगाम में हिंदू पर्यटकों को चुन-चुन कर गोली मारने की घटना के बाद भी अमरनाथ जाने वालों का हौसला कम नही हुआ।

### तीन जुलाई से अमरनाथ यात्रा प्रस्तावित

वीरवार को पंजीकरण के लिए अस्पतालों में स्वास्थ्य जांच कराने वालों की भीड़ रही। आगामी तीन जुलाई से इस बार अमरनाथ यात्रा प्रस्तावित है। आशंका जताई जा रही थी कि आतंकी हमले के कारण पंजीकरण में कमी आएगी लेकिन ऐसा नही हुआ। बीते दिनों की तुलना में गुरूवार को ज्यादा श्रद्धालु मेडिकल के लिए अस्पताल पहुंचे। नागरिक अस्पताल में अबतक 300 से अधिक श्रद्धालु अपना मेडिकल पूरा करवा चुके हैं। जबकि गुरूवार को 50 श्रद्धालुओं ने मेडिकल प्रक्रिया पूरी करवाई और इतने ही लोग प्रक्रिया को जानने के लिए अस्पताल पहुंचे। इनमें वो श्रद्धालु भी शामिल रहे जो नियमित रूप से अमरनाथ यात्रा के लिए जाते हैं। कुछ नए लोगों ने इस यात्रा के लिए पंजीकरण कराया है। इस बार पंजीकरण कराने वालों में महिलाओं की संख्या अधिक है। नरवाना से आए रवि कुमार व साजन ने बताया कि परिवार से हर साल कोई न कोई अमरनाथ यात्रा के लिए जाता है। ऐसे हमले तो पहले भी होते रहे हैं। इससे हमारी आस्था पर फर्क नहीं पडने वाला है। इस बार वो पूरे जोश के साथ अपने परिवार के साथ बाबा बर्फानी के श्रद्धालुओं के लिए जा रहे है।



जींद। अमरनाथ जाने के लिए एक साथ मेडिकल करवाने आया परिवार। फोटो :हरिभूमि

**सरकार और सुरक्षा बलों पर पूरा भरोसा : लवली:** नरवाना की लवली ने कहा कि उन्हें अपनी सेवा पर पूरा भरोसा है। इन आतंकवादियों को उनके किए की सजा सरकार और हमारी जाबांज सेना अवश्य देगी। हर साल की तरह इस बार भी यात्रा निर्विघ्न संपन्न होगी। अगर मौत आनी है तो वो आकर रहेगी। उन्हें अपने ईष्ट भोले बाबा पर पूरा विश्वास है कि वो श्रद्धालुओं को कुछ नही होने देंगे।

### शिव भक्तों के जोश में कमी नहीं

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि पहलगाम में आतंकी हमले के बावजूद श्रद्धालुओं के जोश में कोई कमी नही आई है। पहले की तरह ही श्रद्धालु अमरनाथ यात्रा पर जाने के लिए अपना मेडिकल करवाने के लिए पहुंच रहे हैं। अबतक जींद अस्पताल में 300 से अधिक श्रद्धालुओं ने अमरनाथ यात्रा को लेकर अपना मेडिकल करवाया है।

### अमरनाथ की यात्रा होगी पूरी : सुमन

अस्पताल में मेडिकल करवाने आई सुमन ने कहा कि अमरनाथ यात्रा को लेकर अपनी मेडिकल जांच प्रक्रिया को पूरा करवा लिया है। उनके मन में कोई संश्य नही है। उन्हें अपनी भारतीय सेना पर पूरा विश्वास है। उन्हें यह भी यकीन है कि जिन आतंकवादियों ने यह कुकृत्य किया है, वो कभी बख्शे नही जाएंगे। पहलगाम आतंकी हमले के बावजूद उनकी आस्था और गहरी हुई है।

## करंट लगा युवक की हत्या का आरोपी चार दिन के रिमांड पर

# नहीं छुपा गुनाह, एक की ली जान, दो को देनी पड़ी जान

अवैध संबंध के चलते एक हत्या तो दो महिला कर चुकी आत्महत्या

## मृतक की पत्नी के साथ थे आरोपित के अवैध संबंध

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

अवैध संबंधों ने अपने भाईचारे को तो हाशिये पर धकेल दिया। अवैध संबंधों ने एक की जान ले ली तो दो महिलाओं का जान देने के लिए मजबूर कर दिया। गुनाह का भंडा फूटने के साथ हत्या की गुत्थी भी सुलझ गई। गांव लुदाना में लगभग एक माह पहले युवक की हत्या अवैध संबंधों में रोडा बनने पर योजनाबद्ध तरीके से करंट लगा कर की गई। हत्या के षडयंत्र में शामिल मृतक की आरोपित पत्नी भी आत्महत्या कर चुकी है। जिसके साथ मुख्य आरोपित के अवैध संबंध थे। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने मुख्यआरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से अदालत ने आरोपित को चार दिन के रिमांड पर पुलिस को सौंप दिया। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपित से हत्या के षडयत्र में शामिल अन्य लोगों के बारे में पूछताछ करेगी। गांव लुदाना निवासी सुरेंद्र की 26 मार्च को संदिग्ध हालात में करंट लगने से मौत हो गई थी। परिजनों ने इत्तफाकिया मान 27 मार्च को अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक सुरेंद्र के परिजनों का कुछ ऐसे सबूत हाथ लगे कि सुरेंद्र की मौत इत्तफाकिया नही बल्कि योजनाबद्ध तरीके से करंट लगा कर की गई थी। जिसमें मृतक की पत्नी पूजा भी शामिल थी। मामले का भंडा फूटता देख गत 16 अप्रैल को पूजा ने भी जहर निगल आत्महत्या कर ली। आरोपित सोनू का नाम आने पर गत 22 अप्रैल को उसकी मां सुदेश ने सुसाइड नोट छोड़ फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। जिसमें मृतक सुरेंद्र के परिजनों को मौत का जिम्मेदार ठहराया था।

### रोडा बना तो करंट लगा कर दी हत्या

पुलिस ने आरोपित सोनू का गिरफ्तार कर पूछताछ की तो उसने स्वीकार किया के उसके मृतक सुरेंद्र की पत्नी पूजा से अवैध संबंध थे। सुरेंद्र अवैध संबंधों में रोड़ा बनने लगा था। जिसके चलते हत्या की योजना बनाई गई। उसी योजना के तहत पूजा के इशारे पर सुरेंद्र को खेत में बुलाया गया था। फिर करंट लगा हत्या करने के बाद उसे गाड़ी से घर लाकर चक्की के साथ बिजली मोटर पर डाल दिया था। उनकी योजना भी सफल हो गई थी लेकिन गुनाह नही छुपा, जिसके चलते भंडा फूट गया और मृतक की आरोपित पत्नी पूजा तथा आरोपित सोनू की मां को आत्महत्या के लिए मजबूर होना पडा।

### आरोपित महिला फाइनेंसर गिरफ्तार

जींद। शहर थाना पुलिस ने आत्महत्या करने के लिए मजबूर करने के मामले में एक महिला फाइनेंसर को गिरफ्तार किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शिवपुरी कालोनी निवासी सुरेंद्र ने एक अक्टूबर 2024 को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसके भाई मोहित ने बेटे के इलाज के लिए गांव संगतपुरा निवासी शीला देवी से आठ लाख रुपये दस % के हिसाब से ब्याज पर लिए थे। उसी राशि को चुकाने के लिए उसके भाई ने दूसरे फाइनेंसरों से राशि ले ली। उसका भाई मोहित किश्त भी चुकाता रहा। जिसके चलते शीला तथा फाइनेंसर उसके भाई पर दबाव बनाए थे और धमकी दे रहे थे। जिससे परेशान होकर मोहित ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। मृतक ने सुसाइड नोट छोड़ा था। जिसमें संगतपुरा निवासी शीलो, उज्जीवन के अनिकेत, सतीश, सुनील, पाला नर्सरी वाले को जिम्मेवार ठहराया था। पुलिस ने मृतक के भाई सुरेंद्र की शिकायत पर नोट में लिखे गए सभी लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज किया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपित महिला शीला को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपित महिला से पूछताछ कर रही है।

### मामले में अन्य लोगों के बारे में पूछताछ जारी

पिल्लूखेड़ा थाना प्रभारी दीवान सिंह ने बताया कि आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत से चार दिन के रिमांड पर लिया गया है। अवैध संबंधों के चलते करंट लगा कर हत्या की गई थी। मामले में अन्य लोगों की संलिप्ता के बारे मे पूछताछ की जा रही है।

# बिजली कर्मियों ने जताया विरोध

- बिजली निगम में में खाली पड़े पदों को जल्द भरने के लिए मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजौंद

राजौंद में उत्तरी हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम के कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर रोष स्वरूप नारेबाजी की। वीरवार को सुबह 9 बजे से 11 बजे तक रोष स्वरूप गेट मीटिंग का आयोजन किया गया। गेट मीटिंग की अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान अश्विनी ढांडा न की जबकि मंच का संचालन सब यूनिट संगठन करता सुखदेव मुंडे ने किया। यह गेट मीटिंग प्रदेश कार्केयकारिणी के आह्वान पर की गई। इस गेट मीटिंग का मुख्य उद्देश्य सभी पदों पर सभी कर्मचारियों की प्रमोशन व डीसी रेट के कर्मचारियों के वेतन में बढ़ोत्तरी तथा निगम में खाली पड़े पदों को भरने के लिए की गई। यह रोष स्वरूप गेट मीटिंग एमडी एसई एचआर चीफ निगम मैनेजमेंट के खिलाफ की गई। इस गेट मीटिंग में सभी कर्मचारीयों बडचढ कर भाग लिया। इस दौरान मोहित,अंकुर, अनवर, सुखदेव उप प्रधान लाला, राजेंद्र, मनोज, प्रवीण कुमार कैशियर, प्रवीण कोटडा, मुकेश, राजेंद्र, जोगिंदर, राकेश, ललित,साहब सिंह जेई सहित कई अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।



राजौंद। रोष स्वरूप नारेबाजी करते निगम के कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि



जींद। एसडीएम को ज्ञापन सौंपती अधिवक्ता परिषद। फोटो :हरिभूमि

### अधिवक्ता परिषद ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

जींद। अधिवक्ता परिषद जींद इकाई ने वीरवार को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम सत्यवान मान को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से पहलगाम में पाकिस्तान से प्रशिक्षित आतंकवादियों द्वारा निर्दोश भारतीय नागरिकों की हत्याओं के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की मांग की गई। इस मौके पर जिला बार एसोसिएशन के प्रधान विकास लोहान, अधिवक्ता परिषद जींद इकाई के प्रधान मनोज शर्मा, महामंत्री मोहित सैनी, सतीश, संदीप चौहान, विजय शर्मा सहित अधिवक्ता परिषद जींद के सदस्यों ने देशवासियों के प्रतिनिधि के रूप में यह पत्र लिखने के लिए विवश है कि जब हम इस कुप्रवृत्ति के कारण असहनीय दुख और गहरी पीड़ा महसूस कर रहे हैं। हाल ही में आतंकवादियों द्वारा पहलगाम में भारतीय नागरिकों की बेरहमी से की गई हत्याएं हमारे दिलों को चीर कर रख देती हैं।

### गेट मीटिंग कर कर्मियों ने नारेबाजी कर जताया रोष

ढांड। हरियाणा स्टेट इलैक्ट्रीसिटी बोर्ड वर्कर्स यूनियन संबंधित कर्मचारी महासंघ एवं अखिल भारतीय राज्य कर्मचारी परिसंघ के आह्वान पर सब यूनिट ढांड के कर्मचारियों ने विद्युत निगम कार्यालय के गेट पर 2 घंटे गेट मीटिंग कर विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते रोष प्रकट किया। गेट मीटिंग की अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान अंकुर मैहला ने की मंच संचालन अंकुश शर्मा ने किया। इस अवसर पर कर्मचारियों को संबोधित करते अंकुर प्रधान ने कहा कि आज की गेट मीटिंग और धरना प्रदर्शन चीफ एडमिन पंचकूला ,एमडी पंचकूला और निगम मैनेजमेंट के कर्मचारी विरोधी रवैये के चलते किया है। पूर्व प्रधान सतबीर, नरेश सीए, तेजवीर,दिनेश आदि मौजूद रहे।

# दस करोड़ रुपये की धोखाधड़ी पर तीन आढ़तियों के खिलाफ केस

- मामले में दूसरे दिन भी किसानों ने किया प्रदर्शन, जमकर नारेबाजी की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

अनाज मंडी से किसानों की फसल की करीब 10 करोड़ रुपये लेकर भागने के मामले में पुलिस ने वीरवार को दो फर्म के तीन आरोपी आढ़तियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

आरोपियों में दो आढ़ती व एक मिल मालिक शामिल हैं। आरोपी आढ़तियों ने किसानों का भुगतान करने के लिए अपनी दुकान पर बुलाया था, लेकिन वे खुद वहां नहीं पहुंचे और भाग गए। इस संबंध में किसानों ने दुकान के सामने प्रदर्शन भी किया था। पुलिस तीन आरोपियों के खिलाफ एक किसान की शिकायत पर यह केस दर्ज किया है। शहर थाना में दी गई शिकायत में किच्छाना निवासी कृष्ण कुमार ने बताया कि वह करीब सात साल से कैथल की अनाज मंडी में केशव ट्रेडिंग कंपनी व देवीदयाल रजत कुमार को अपनी दोनों सीजन की फसल बेचता आ रहा है।उसके अलावा आसपास के गांवों के भी कई किसान अपनी फसलें इन्हें बेचते हैं। उसने 12, 13, 14, 15 अप्रैल को फर्म मालिक शीशपाल उर्फ माकड़ व ऋषिपाल उर्फ कालू को करीब 13 लाख रुपये की गेहूं की फसल बेची है। उक्त फर्म पर धान की फसल का भी 16 लाख रुपये बकाया है। उसने अपनी सारी गेहूं उपरोक्त फर्म के मालिकों शीशपाल व ऋषिपाल के कहने पर सांवरिया राइस ग्रेन मिल चंदाना में बेची थी। मिल का मालिक प्रवीन खुरानिया है। अन्य कई गांवों के किसानों ने भी फर्म के आढ़तियों के कहने पर सांवरिया राइस ग्रेन मिल में गेहूं की फसल बेची है।

# हमला करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा : सीएम

- मुख्यमंत्री ने जिला बीजेपी कार्यालय में कार्यक्रम को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

सीएम नायब सैनी वीरवार को जींद पहुंचे। भाजपा कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां सीएम नायब सिंह सैनी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 2 दिन पहले जम्मू कश्मीर की घाटी में जो घटना हुई है, जो निहत्थे लोगों को मौत के घाट उतार दिया है, वह सही नहीं है। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ यात्रा पूरे हरियाणा में चल रही है। इसका भरपूर सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बात को दोहराया कि अब वह समय आ गया है कि जो बचा आतंकवाद है, उसको भी मिट्टी में मिलने का काम हम करेंगे। अपराधियों, आतंकवादी को ऐसी सजा दी जाएगी कि उनके पूरख भी सोचेंगे ऐसी सजा देंगे। उनका पताल से निकाल कर लाएगे। एक-एक व्यक्ति का हिसाब होगा। पूरी दुनिया में इस का विरोध किया गया है और कहा गया कि इस घटना के साथ हम भारत के साथ खड़े हैं। घटना का जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को 2014 में जब प्रधान सेवक के रूप में देश की जिम्मेदारी दी थी, तब उन्होंने कहा था कि हमारी लड़ाई किसी विशेष व्यक्ति के प्रति नहीं है। हमारी लड़ाई गरीबों के प्रति है। हम उनके व्यक्ति को सशक्त करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का चुनाव में नहीं जितने दिया। क्योंकि यह कांग्रेस के बराबर बैठ जाएंगे, स्टेटस डाउन हो जाएगा। कांग्रेस ने विरोध किया था।



### राहुल पर कटाक्ष

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष को हम संविधान गौरव दिवस के रूप में मनाएंगे। पिछले 10 वर्षों में यह देश संविधान के अनुरूप चल रहा है। उन्होंने राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हो क्या की किताब तो हाथ में कोई भी उठा ली लेकिन उनकी लिखी हुई किताब के अंदर लिखे के अनुसार चले तब पता चलेगा। 1984 में सिखों का कतले आम कर दिया था। तब संविधान का कोई महत्व नहीं रहा था। डॉ अंबेडकर के संविधान को पूर्ण रूप से मूर्त बनाने का काम प्रधानमंत्री ने किया है।

## स्वास्थ्य विभाग की मलेरिया पर रोकथाम की कवायद रही सफल

# सात साल में मलेरिया का मिला एक केस

नरेश पंवार ▸▸| कैथल

प्रदेश भर में आज शुक्रवार को विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाएगा। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से विभिन्न शिक्षण संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों व स्टाफ को जागरूक किया जाएगा।

वहीं, जिले में स्वास्थ्य विभाग की मलेरिया पर रोकथाम की कवायद सफल हुई है, क्योंकि पिछले सात साल में जिले में मलेरिया का मात्र एक केस ही आया है जो 2024 में मई माह में पाया गया था। इससे पहले वर्ष 2018 के बाद से जिले में कोई संक्रमित केस मलेरिया का नहीं मिला है। बता दें कि गर्मी शुरू होने के बाद मच्छरों के प्रकोप के बीच मलेरिया और डेंगू की बीमारी फैलने की आशंका रहती है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग की सतर्कता की वजह से जिले में ये रोग पनप नहीं सके हैं। स्वास्थ्य विभाग की तैयारी पूरे जोरों पर है। इसके साथ ही राहत की बात यह भी है कि इस साल भी अभी तक मलेरिया का कोई केस नहीं मिला है। शिक्षण संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित करने के साथ पेंटिंग सहित अन्य प्रतियोगिताओं के माध्यम से लोगों को मलेरिया से बचाव के लिए भी जागरूक किया जाएगा। वहीं, डोर-टू-डोर अभियान चला मलेरिया, डेंगू व चिकनगुनिया के बारे में भी लोगों को जानकारी दी जाएगी। गांवों के बने तालाबों में भी गंबूजियां मछलियां डालना शुरू कर दी गई हैं।

### नागरिकों को किया जाएगा जागरूक

डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. नीरज मंगला ने कहा कि जिलेभर में लोगों को अपने घरों के सदस्यों व आसपास के लोगों को मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों के प्रति जागरूक किया जाएगा। सप्ताह में एक दिन खुले में जमा पानी के सभी स्रोतों जैसे कूलर, टंकी होदी, फ्रिज के पीछे ट्रें ,टायर, मटके, गमले की सफाई के प्रति भी जानकारी दी जाएगी। इसके साथ-साथ लोगों को पंपलेट बांटकर मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों के प्रति जागरूक किया जाएगा

### सर्वे किया शुरू

सिविल सर्जन डा. रेनू चावला ने बताया कि मलेरिया व डेंगू से बचाव को लेकर सर्वे शुरू कर दिया है। इसके लिए रेपिड रिस्पांस टीमों का भी गठन किया गया है। इन टीमों ने अब डोर-टू-डोर सर्वे करके बुखार को लेकर जांच शुरू कर दी है। जिसमें अभी तक करीब 30 हजार घरों में जांच की जा चुकी है। इसमें अभी तक मलेरिया का कोई भी केस सामने नहीं आया है। यह सर्वे लगातार एक महीने तक जारी रहेगा।



जींद। काली पट्टी बांध कर कक्षाएं लगाते छात्र। फोटो :हरिभूमि

### आतंकी हमले की कड़ी निंदा की

जींद। किसान छात्र एकता संगठन द्वारा गुरूवार को चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में विरोध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें संगठन के सदस्यों ने हाथों पर काली पट्टियां बांधकर कक्षाएं लगाईं और जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की। यह प्रतीकात्मक विरोध आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता और देशभक्ति की भावना को दर्शाने के लिए किया गया। इस अवसर पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुमित लाठर ने कहा कि हमारे सैनिकों की वीरता पर हमें गर्व है और भारत सरकार पर हमें पूरा विश्वास है कि वे इस हमले का मुंहतोड़ जवाब देंगे। आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए हम सबको एक साथ खड़ा होना होगा। उन्होंने आगे कहाए ष्अगर देश को हमारी यानी विद्यार्थियों की कहीं भी जरूरत पड़ती है तो हम जान देने के लिए भी तैयार हैं। हमें केवल एक मौका चाहिए।

## खबर संक्षेप

### शिक्षा का अधिकार अधिनियम बारे वर्कशॉप

**जींद।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मोनिका की अध्यक्षता में एडीआर के सभागार में शिक्षा का अधिकार विषय पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। प्राधिकरण सचिव ने उपस्थित अध्यापक व अध्यापिकाओं को जागरूक करते हुए बताया कि 6 से 14 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को निशुल्क और अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा का अधिकार है।

### पेयजल जांच, जलघर का किया निरीक्षण

**जींद।** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन की टीम ने जिला भर में आयोजित ग्राम सभा में ग्राम जल एवं सीवरेज समिति की बैठक आयोजित की। इस मौके पर जिला सलाहकार रणधीर ने नरवाना ब्लॉक के गांव सच्चा खेड़ा में ग्राम जल एवं सिवरेज समिति को संबोधित किया।

### संदिग्ध हालात में महिला लापता, शिकायत दर्ज

**जीद।** गांव खातला से संदिग्ध हालात मे महिला के घर से गायब होने पर सदर थाना सफीदो पुलिस ने अज्ञात लोगो के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव खातला निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि गत दिवस वह अपने काम पर गया हुआ था। दोपहर को उसकी 23 वर्षीय पत्नी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी पत्नी का कोई सुराग नही लगा।

### बस में महिला के बैग से नकदी, जेवर-फोन चोरी

**जींद।** जींद से सफीदों जा रही परिवहन समिति बस में महिला यात्री के बैग से किसी व्यक्ति ने पर्स को चोरी कर लिया। पर्स में सोने के झुमके, 4500 रुपये की नगदी तथा मोबाइल फोन था। शहर थाना सफीदों पुलिस ने महिला की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज किया है। गांव सिंघपुरा निवासी मोनिका ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह जींद से परिवहन समिति बस में सफीदों के लिए रवाना हुई थी।

### बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान चलाया

**जींद।** गांव जामनी में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा स्कूली बच्चों के सहयोग से सरपंच दलबीर सिंह की अध्यक्षता में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान चलाया। इस दौरान गांव प्रभात फेरी निकाली गई। इस दौरान बाल विकास परियोजना अधिकारी मीनाक्षी देवी ने बताया कि बेटी आंगन शोभा होती हैं। समाज की नींव होती हैं।

### मलेरिया के खिलाफ किया जागरूक

**जींद।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के अंतर्गत झांझ कलां गांव में एमपीएचडब्ल्यू रामदयाल ने नुक्कड़ सभाएं करके मलेरिया डेंगू बुखार के कारण, लक्षण.बचाव बारे जागरूक किया और स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी जा रही सेवाओं बारे जानकारी भी दी गई। स्वास्थ्य कर्मी द्वारा छतों पर पड़े कबाड़ को साफ करवाया। टंकी, कूलर, होदी व फ्रिज के पीछे लगी वेस्ट ट्रे के पानी में लारवा की जांच की गई।

### ईश्वर भक्ति में सहायक है देव पूजाः अहिरका

**जींद।** असमर्थ महिला कल्याण न्यास के संस्थापक पंडित रामनिवास अहिरका ने कहा कि जिस प्रकार औषधियों के सेवन करते रहने से चाहे सभी रोग समूल रूप से नष्ट ना हो लेकिन रोगों के बहुत से दुखों को हलका किया जा सकता है। इसी प्रकार देवता उनके तपोबल से उनके साधक के आधे से अधिक दुखों को हलका कर सकते है। इससे साधक निष्काम भाव से परमात्मा की भक्ति कर सकता है।

### राजबाला बनी महिला समिति की प्रधान

**जींद।** अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति का निडाना गांव में राजबाला की अध्यक्षता में इकाई सम्मेलन किया गया। इस सम्मेलन में झंडा रोहण किया गया। सम्मेलन का उद्घाटन करते जिला प्रधान नूतन प्रकाश ने संगठन व झंडे के इतिहास के बारे में बताया व पहलगाम में हुई घटना की निंदा की गई।

## जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में दिखाया दमखम

# अंडर 15 लड़कों में इंडस स्कूल के कार्तिक ने पाया प्रथम स्थान

### प्रधानाचार्या और डायरेक्टर ने विजेताओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


कैथल। प्रतियोगिता में दमखम दिखाते खिलाड़ी। फोटो :हरिभूमि

इंडस पब्लिक स्कूल कैथल के प्रांगण में द्वारा छठी जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रतिभागियों की तालियों की गड़गड़ाहट के साथ हुआ जो कहीं न कहीं सच्ची खेल भावना को दर्शाता है। प्रतियोगिता में जिले भर के विभिन्न स्कूलों जैसे-दर्शन अकैडमी, एम डी स्कूल राजौंद, ओ एसडीएवी पब्लिक स्कूल, माइलस्टोन सीनियर सेकेंडरी स्कूल,इंडस पब्लिक स्कूल के आयु वर्ग 7 वर्ष से लेकर 19 वर्ष के प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने शतरंज कौशल व रणनीति का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में इंडस पब्लिक स्कूल कैथल के छात्रों नितेश,प्रतीक तथा केशव ने अंडर-19 में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी लड़ी में अंडर-17 में ओएसडीए वी पब्लिक स्कूल के अरनव तथा आभा ने प्रथम स्थान तथा सक्षम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया और इंडस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी हर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर 15 में लड़कों में इंडस पब्लिक स्कूल के कार्तिक ने प्रथम स्थान तथा ओ एसडीएवी के पावस और पार्थ ने द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा लड़कियों में ओ एस डी ए वी स्कूल की रिद्धिमा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।अंडर 13 में लड़कों में ओएसडीएवी के अक्ष ने प्रथम स्थान, एम डी स्कूल राजौंद के हार्दिक ने द्वितीय स्थान तथा इंडस पब्लिक स्कूल के यशप्रीत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। और वही लड़कियों में एम डी स्कूल राजौंद की हर्षिता,पूर्वी और सुजल ने प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर 11 में दर्शन अकैडमी के अनुभव ने प्रथम स्थान, इंडस पब्लिक स्कूल के मुकुल ने द्वितीय स्थान और तेजस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लड़कियों में एमडी स्कूल की शिवानी ने प्रथम स्थान दर्शन अकादमी की रूही ने द्वितीय स्थान तथा एम डी स्कूल की महक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के अंत में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को विद्यालय की प्रधानाचार्या तनु पूनिया, डायरेक्टर अभिषेक सहारण एवं शतरंज संगठन कैथल द्वारा मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### खेल से गुणों का विकास

इस अवसर पर जिला शतरंज संगठन महासचिव योगेश एवं अन्य गणमान्य सदस्यों ने उपस्थित रहकर प्रतियोगिता के सफल संचालन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यालय की प्रधानाचार्या तनु पूनिया ने अपने वक्तव्य में कहा कि शतरंज एक ऐसा बौद्धिक खेल है जो बच्चों में एकाग्रता, रणनीति सोच और धैर्य जैसे गुणों का विकास करता है। उन्होंने यह भी कहा कि यह आयोजन न केवल विद्यार्थियों के मानसिक विकास में सहायक सिद्ध होगा बल्कि उनमें खेल भावना और प्रतिस्पर्धात्मक सोच को भी प्रोत्साहित करेगा। विद्यालय के डायरेक्टर अभिषेक सहारण ने कहा कि विद्यालय में ऐसे आयोजन खेल के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम है।

## यात्रा में बढ़ चढ़कर लेंगे भागः कंडेला

- खापें साइकिल पर दौड़ेंगी नशा मुक्त होगा हरियाणा के लिए : टेकराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। साइकिल चला कर रिहर्सल करते टेकराम कंडेला। फोटो :हरिभूमि

सर्वजातीय कंडेला खाप व भारतीय किसान मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष टेकराम कंडेला ने कहा कि हरियाणा में नशे को रोकने के लिए खाप पंचायत व किसान संगठनों के प्रतिनिधियों ने वीरवार को गांव कंडेला के राष्ट्रीय मुख्यालय से खुद साइकिल चला कर इस अभियान की रिहर्सल की।

कंडेला ने कहा कि शुक्रवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व हरियाणा प्रदेश के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा सुबह छह बजे गोहाना रोड पुराना बस स्टैंड के पास इस अभियान की हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे। इस यात्रा में युवा व भारी संख्या में लोग पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की खाप पंचायत व किसान संगठनों से जुड़े लोग लंबे समय से युवाओं को नशे से दूर रखने, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने, लिव इन रिलेशनशिप को खत्म करने व सामाजिक ताने बाने को बनाए रखनेका कार्य कर रहा है। इस मौके पर हजूरा सिंह, कंडेला खाप के उप प्रधान अजमेर दालमवाला, रामकिशन, रणधीर सिंह गोयत, ओमी रेढ़ू, राजकुवार, प्रेम रेढ़ू आदि खाप प्रतिनिधि मौजूद थे।


जींद। शिविर में रक्तदान करते रक्तदाता। फोटो :हरिभूमि

### 173 लोगों ने किया रक्तदान

**जींद।** संत निरंकारी भवन पर निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के आशीर्वाद से गुरूवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। संत निरंकारी भवन में आयोजित शिविर में 155 भाइयों ने व 18 बहनों ने रक्तदान किया। शिविर में सिविल अस्पताल व रेडक्रॉस की टीम ने रक्त संग्रहित किया। पूर्ण स्वास्थ्य जांच, स्वच्छता का विशेष ध्यान और रक्तदाताओं के लिए उत्तम जलपान व्यवस्था ने इस सेवा को और भी व्यवस्थित एवं सम्मानजनक बनाया। यह महाअभियान केवल रक्तदान नही बल्कि सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज की करुणा, सेवा और एकत्व के संदेश को जीवन में उतारने का सजीव माध्यम है जो हमें सिखाता है कि मानवता ही सर्वोच्च धर्म है। यह दिन इस बात का परिचायक है कि सेवा केवल एक कार्य नही अपितु निष्काम समर्पण का आत्मिक भाव है।

### तीन दिवसीय वैदिक सत्संग समारोह आज से

**जींद।** आर्य समाज मंदिर रामनगर रोहतक रोड द्वारा शुक्रवार से तीन दिवसीय वैदिक सत्संग समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में आर्य समाज की वेदज्ञ विदुषी वेद के अमृत रूपी संदेश को लोगों के सम्मुख प्रस्तुत करेंगी। जिला अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य आर्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। आर्य समाज के प्रधान कंवर आर्य ने बताया कि आजकल हमारे समाज में अव्यवस्था, अशांति, तनाव, भ्रष्टाचार, दुर्गुण, दुव्यसन तथा सामाजिक कुप्रथाओ का बोलबाला है। कुसंस्कारों तथा अपसंस्कृति के कुप्रभाव के चलते हमारी युवा पीढ़ी पथ भ्रमित होती जा रही है। मातृशक्ति का सरेआम अपमान हो रहा है। दहेज प्रथा जैसी बुराइयों ने असंख्य महिलाओं की जिंदगी को बर्बाद कर दिया है। लाखों कन्याओं को जन्म से पहले ही मार दिया जाता है। लाखों की संख्या में गौ माता बेरहमी से मारी जा रही है।

### सरकार ने जारी किया ये आदेश

**कैथल।** पूर्व सैनिक वेलफेयर एसो का एक प्रतिनिधिमंडल एस पी ऑफिस में जाकर कैथल के नये पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी से भेंट की। गुलदस्ता देकर सम्मानित किया और कैथल में दूसरी बार पहुंचने पर शुभकामनाएं दी और आश्वासन दिया की पूर्व सैनिक आपके साथ जरूरत पड़ने पर कंधे से कंधा मिलाकर चलने के लिए तैयार है। एसपी ने भी सभी पूर्व सैनिकों को विश्वास दिलाया जरूरत पड़ने पर हम सामूहिक रूप से कार्य करेंगे। तत्पश्चात सभी पूर्व सैनिकों ने एसो प्रधान जगजीत फौजी के साथ मिलकर लघु सचिवालय के पार्क का निरीक्षण किया जिसमें कि 25 अप्रैल प्रातः 9:00 बजे बहुत भारी आक्रोश प्रदर्शन पूर्व सैनिकों, सैनिक परिवारों, वीरांगनाएं द्वारा किया जाएगा जिसमें पर्यटकों की हत्या की उसके लिए आक्रोश प्रदर्शन एवं उनके लिए मौन धरण और श्रद्धांजलि दी जाएगी।



कैथल। एसपी से मिलने पहुंचे पूर्व सैनिक। फोटो :हरिभूमि


कैथल। एडीसी दीपक बाबू लाल करवा अधिकारियों की बैठक लेते।

### कुपोषित बच्चों की करवाई जाए जांच

**कैथल।** एडीसी दीपक बाबू लाल करवा की अध्यक्षता में कुपोषण मुक्त गांव अभियान के तहत लघु सचिवालय के सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। एडीसी ने सभी चयनित गांवों में बच्चों के पोषण से संबंधित जानकारी ली तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की सभी सुपरवाईजरों से ग्रामीण स्तर पर किए गए प्रयास एवं कार्यों का ब्योरा लिया गया। बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश जारी करते हुए कहा कि सभी विभाग के कर्मचारी व अधिकारी आपसी तालमेल स्थापित कर कुपोषण मुक्त अभियान में सहयोग करें। कुपोषण के आंकड़ों में चयनित गांव में काफी सुधार हुआ है, चयनित गांव में की गई प्रक्रिया के अनुसार कैथल जिले के हर गाँव में यह अभियान चलाना है ताकि पुरे जिले के कुपोषित आंकड़ों में सुधार हो सके ।

### योग शिविर का समापन

**राजौंद।** पिछले एक सप्ताह से कुरुक्षेत्र गुरुकुल की तरफ से शिव शंकर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कसान में चल रहे योग शिविर का समापन हवन और मंत्रोचारण के साथ किया गया। सात दिवसीय योग शिविर का संचालन योग गुरु राजेश कुमार ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार ने की। सात दिवसीय योग शिविर में योग गुरु राजेश कुमार ने बच्चों को अनेक प्रकार की योग कलाओं से अवगत करवाया। इस दौरान हवन के लिए पहुंचे मनी राम आर्य ने मंत्रोचारण से पूरे विद्यालय के माहौल को सुगंध मय कर दिया। इस दौरान मनी राम आर्य ने कहा कि हमें वेदों की ओर लौटना चाहिए, वेद ज्ञान ही सबसे बड़ा ज्ञान है। वेदों का अध्ययन करने से आत्मा की तृप्ति होती है। इंसान पाप कर्म करने से बचता है,वेद ज्ञान से मस्तिष्क संतुलित रहता है।


राजौंद। योग कार्यक्रम में भाग लेते हुए विद्यार्थी व स्कूल स्टाफ सदस्य।


गुहला-चीका। एसडीएम अधिकारियों से बातचीत करते।

### 19 में से 16 शिकायतों का समाधान

**गुहला-चीका।** एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह की अध्यक्षता में वीरवार को उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर आयोजित किया गया। एसडीएम ने समाधान शिविर में आमजन की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को मौके पर ही समाधान करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर में कुल 19 शिकायतें आई, जिनमें से 16 का मौके पर ही समाधान किया गया, शेष शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को जल्द निपटान करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में नागरिकों ने प्रॉपर्टी आईडी, बुढ़ापा पेंशन, परिवार पहचान पत्र, बिजली, इत्यादि से संबंधित समस्याएं रखी। एसडीएम ने कहा कि समाधान शिविर आमजन की समस्याओं के समाधान में काफी कारगर साबित हो रहे हैं। एक ही समय में सभी अधिकारी एक स्थान पर मौजूद रहते है।


जींद। आधारशिला में चुनी गई परिषद। फोटो :हरिभूमि

### विद्यार्थी परिषद का संगठन

**जींद।** आधारशिला विद्यालय में 24 अप्रैल राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इसमें बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जमीनी स्तर पर सत्ता के विकेंद्रीकरण के विषय में जानकारी दी। इसमें कविता, भाषण, लघु-नाटिका इत्यादि के माध्यम से पंचायती राज संस्थाओं की सक्षमता एवं सशक्तता को दर्शाया गध। इसके साथ-साथ विद्यालय में भी सदनों का गठन कर उनके प्रभारियोंकोनियुक्तकियागया।अपने संबोधन के दौरान प्रधानाचार्य सतवीर सिंह गहलावत ने बताया कि विद्यालय के कामकाज को सुचारूता से चलाने के लिए यह एक विद्यार्थी परिषद है। यह परिषद अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए विद्यालय को शिक्षा, खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रमों आदि में विद्यालय को नई ऊंचाइयां प्रदान करती है।

## शुगर-बीपी जांचने की मशीन दी

- रिद्धि सिद्धि क्लब ने ऑटो रिक्शा चालकों के लिए लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। कैंप में शामिल हुए डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा। फोटो :हरिभूमि

नर सेवा नारायण सेवा को अपना उद्देश्य मानकर दिन-रात असहायों और गरीबों की सेवा करने वाले रिद्धि सिद्धि क्लब द्वारा ऑटो रिक्शा चालकों के लिए मुफ्त बीपी, शुगर कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यअतिथि डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने शिरकत की। कैंप में ऑटो रिक्शा चालकों को जिन्हें शुगर मिली, उन्हें मुफ्त बीपी व शुगर चैक मशीन फ्री में दी गई। डा. मेघा चिल्लाना ने कहा कि कैंप का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। हम कई बार देखते हैं कि लोगों को पता नहीं होता कि उन्हें शुगर है या नही जांच करवाने से शुगर की पहली अवस्था में ही मरीज को सावधान किया जा सकता है। अपनी जीवनशैली में परिवर्तन करें। सुबह की सैर के अलावा शुगर बढ़ाने वाली चीजों का परहेज करें। सावधानियों का पालन कर एक व्यक्ति स्वस्थ जीवन व्यतीत कर सकता है। लोगों को सेहत के प्रति अधिक से अधिक जागरूक करना ही कैंप को लगाने का मुख्य उद्देश्य है। राजन चिल्लाना, नीरज , सुभाष अनेजा, अमर अरोड़ा, सौरभ अनेजा, सुनील वशिष्ठ सहित रिद्धि सिद्धि क्लब की महिला टीम व अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।


जींद। प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

**जींद।** हिंदू कन्या महाविद्यालय के गणित विभाग द्वारा एक गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर तथा संचालन गणित विभाग की सहायक प्रोफेसर अंजू ने किया। इस प्रतियोगिता में बीए गणित ऑनर्स प्रथम वर्ष की छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में तीन टीमों ने भाग लिया। जिसमें बीए गणित ऑनर्स प्रथम वर्ष की गरिमा धीमान तथा श्रुति ने प्रथम, बीए गणित ऑनर्स प्रथम वर्ष की साक्षी और सोनम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में दर्शकों ने भी बढ़चढ़ कर भाग लिया। प्राचार्या डा. पूनम मोर ने गणित विषय के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गणित सभी विज्ञानों की रानी है और गणित सीखने का सिर्फ एक ही रास्ता है गणित का अभ्यास करना।

### गांव डोहर में जिला प्रशासन का रात्रि ठहराव कार्यक्रम

# डीसी और एसपी का ग्रामीणों से सीधा संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


एसपी आस्था मोदी ग्रामीणों को नशा व बुराइयों से दूर रहने की शपथ दिलाते।

हरियाणा सरकार की रात्रि ठहराव पहल के तहत बुधवार को डोहर गांव में जिला प्रशासन के रात्रि ठहराव कार्यक्रम में डीसी प्रीति व नवनियुक्त एसपी आस्था मोदी ने गांव के लोगों से सीधा संवाद स्थापित किया। गांव के लोगों से सामाजिक बुराइयों के खात्मे को लेकर सीधी बातचीत की और गांव के लोगों ने भी नशे जैसी सामाजिक बुराईयों को खत्म करने में सहयोग का विश्वास दिलवाया। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अगुवाई में चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर पात्र लोगों से उनका लाभ उठाने का आह्वान किया। वहीं ग्राम पंचायत की ओर से सरपंच गीता, प्रतिनिधि मक्खन सिंह डोहर की अगुवाई में गांव में पहुंचने पर अधिकारियों का स्वागत किया। साथ ही जिला प्रशासन से गांव में टूटी पेयजल पाइप लाइन दुरुस्त करने, अवैध खुर्दे बंद करवाने, गांव में लाइब्रेरी खुलवाने की मांग रखी। गांव के लोगों ने भी डीसी के सामने पेंशन, आयुष्मान कार्ड, बिजली कनेक्शन, हैप्पी कार्ड, विकलांग पेंशन, आवास योजना, बिजली की लटकती तारों को ठीक करने जैसी अनेकों मांगें रखीं। डीसी ने मौके पर ही समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

लोगों की समस्याएं सुनने के बाद अपने संबोधन में डीसी प्रीति ने अपने संबोधन में लोगों से गांव में नाबालिग बच्चों द्वारा वाहन चलाने, धूम्रपान करने, बच्चों को सरकारी स्कूलों में दाखिल करने जैसे विषयों पर सीधी बातचीत की। लोगों ने उन्हें कई बातों की जानकारी दी। डीसी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अगुवाई में नशे के खात्मे के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। यह एक बड़ी सामाजिक बुराई है। जिसे हमें स्वयं से पहल करके खत्म करना होगा। गांव में जो भी ठेके संबंधी शिकायत आई है, उस पर निश्चित तौर पर कार्रवाई की जाएगी। यदि कहीं नशा किया जा रहा है तो प्रशासन को सूचना दें। गांव में यदि कोई बच्चा स्कूल से बाहर है, तो उसे स्कूल में दाखिल करवाएं। नाबालिग बच्चों को दोपहिया वाहन चलाने को न दें। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें। कार चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें।


जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता। फोटो :हरिभूमि

### एड्स से जानकारी ही बचाव : मनोज

**जींद।** राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में एड्स प्रीवेंशन एंड कंट्रोल समिति के द्वारा जागरूकता विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि एड्स के बारे में जानकारी ही बचाव है के आधार पर हम इस गंभीर बीमारी से अपने आप को बचा सकते हैं। इसलिए इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों की बहुत ही आवश्यकता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता मनोज कुमार क्लस्टर प्रोग्राम मैनेजर ने छात्र व छात्राओं को एड्स जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक रहने के लिए सचेत किया। समिति के संयोजक डा. भगवान दास ने एड्स जैसी गंभीर बीमारी के बारे में कहा कि हमें खुद भी जागरूक होना चाहिए और अपने समाज को भी जागरूक करना चाहिए। सावधानी ही एड्स का बचाव है। इस मौके पर प्रो. पूनम, प्रो. नरेंद्र कुमार, प्रो. पंकज, प्रो. संदीप व प्रो. सुशीला उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### लड्डू गोपाल ड्रेस मेकिंग को प्रमोट करेगा राह ग्रुप

**नरवाना।** देश में लड्डू गोपाल के अलग.अलग परिधानों एवं उससे जुड़े उत्पादों की मांग को देखते हुए सामाजिक संस्था राह ग्रुप फाउंडेशन की नरवाना यूनिट जल्द ही इससे जुड़े ट्रेनिंग सेंटर खोलेगी। इसके लिए 1 जून से दनौदा में ही ट्रेनिंग सेंटर खोला जाएगा। यह जानकारी देते हुए राह क्लब नरवाना के अध्यक्ष राजाराम शर्मा ने बताया कि वर्तमान में धमतान साहिब एवं दनौदा गांव में दस से अधिक महिलाएं लड्डू गोपाल की ड्रेस बना कर अपनी आजीविका बेहतर ढंग से चला रही है।

### स्थाई ड्युटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया

**नरवाना।** दिनांक 24 अप्रैल को उप मंडल अधिकारी नागरिक नरवाना ने एक पत्र जारी कर ऋषिराज चौधरी नगर परिषद कार्यकारी अधिकारी को स्थाई ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है जिसके अनुसार जब तक बाबा के साहब तालाब का सौंदर्य करण का कार्य चल रहा है तब तक नगर परिषद कार्यकारी अधिकारी ऋषि राज चौधरी स्थाई? ड्यूटी मजिस्ट्रेट होंगे और कार्य को देखेंगे क्योंकि तालाब का सौंदर्य करण का काम ठेकेदार को अलॉट किया जा चुका है उसको पूरा करना है इसके लिए यदि उन्हें बतौर ड्यूटी मजिस्ट्रेट कोई महिला व पुरुष पुलिस बल की आवश्यकता हो उसको बुला सकते हैंए और जरूरत पडऩे पर प्रयोग कर सकते हैं।

### युवक पर गंडासियों व मुक्कों से हमला, घायल

**कैथल।** कैथल के आरकेएसडी कालेज के निकट हुए हमले में एक युवक घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। शहर थाना में दी गई शिकायत में सेरधा हाल भगत सिंह कॉलोनी निवासी रॉकी ने बताया कि वह आरकेएसडी कॉलेज में बीए के द्वितीय वर्ष में पढ़ाई कर रहा है। कुछ दिन पहले की कॉलेज में सुभाष नगर कैथल निवासी मुन्ना के साथ कहासुनी हो गई थी, जिस कारण मुन्ना, रितेश व वंश उससे रंजिश रखे हुए थे।

### पहल गांव की दुखद घटना पर शोक व्यक्त किया

**राजौंद।** किठाना कॉलेज ऑफ एजुकेशन के समस्त प्रबंधन, प्राध्यापकगण एवं विद्याथीयों ने पहल गांव में घटित हृदयविदारक एवं अत्यंत दुखद घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है। इस पीड़ादायक समय में इस दौरान कॉलेज परिवार द्वारा पीड़ितों एवं उनके परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। गुरुवार को कॉलेज परिसर में विशेष श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान कॉलेज प्राचार्या डॉ निर्मल सिंहरोहा ने कहा कि यह क्षति जो हुई है इसकी भरपाई नहीं की जा सकती।

### आमजन को किया साइबर अपराधों बारे जागरूक

**कैथल।** पुलिस विभाग द्वारा जिला कैथल में विभिन्न स्थानों पर साइबर हेल्पडेस्क लगाकर आमजन को साइबर अपराधों बारे जागरूक करने सहित साइबर संबंधी शिकायतों को सुना जाएगा। इसी कड़ी के तहत वीरवार को बस स्टेंड कलायत, रेलवे रोड़ कलायत, जिला सचिवालय कैथल व कोर्ट कैथल के पास साइबर हेल्पडेस्क लगाए गए। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस दौरान थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा जानकारी दी गई कि किसी भी अनजान व्यक्ति द्वारा सोशल मीडिया या साईट पर दी गई जानकारी को पूर्ण न समझे।

### गांव पाई में हुई मारपीट में एक घायल, केस

**कैथल।** गांव पाई में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। पाई के राजवीर सिंह ने पूंडरी पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 21 अप्रैल को रोहतास, विजेंद्र, प्रवीण और पिंकी ने मिलकर उसे पर हमला करते हुए लाठी और डंडों से उसे घायल कर दिया। मामले के जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर महिपाल ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सही इलाज के साथ रोका जा सकता है मदर-टू-चाइल्ड एचआईवी ट्रांसमिशन

■ जिले में तेजी से पांव पसार रहा एचआइवी, अस्पताल में किए गए हैं पुख्ता प्रबंधव

सूरज सहारण ▶▶| कैथल



जिले में एचआइवी मरीजों का आंकड़ा तेजी से बढ़ रहा है। यह हम नहीं बल्कि स्वास्थ्य विभाग के आंकड़े कह रहे हैं। विभागीय आंकड़ों के अनुसार जिले में प्रतिमाह कीब 15-20 एचआईवी के मरीज सामने आ रहे हैं। इस वर्ष अभी तक करीब 40 मरीज सामने आ चुके हैं। यदि पिछले साल की बात की जाए तो जिले में करीब 170 मरीज पाए गए थे। इन सभी मरीजों का नागरिक अस्पताल में एआरटी सेंटर में इलाज किया जा रहा है।

एचआईवी एक ऐसा वायरस है जो शरीर के इम्यून सिस्टम पर हमला करता है और उसे इतना कमजोर बना देता है कि हमारी बॉडी किसी दूसरे संक्रमण या बीमारी को झेलने के काबिल नहीं बचती। एक बार इस वायरस की चपेट में आने पर अगर हम समय रहते इसे काबू नहीं पाया गया तो यह एड्स का कारण बन जाता है। बता दें कि अभी तक एड्स का कोई पुख्ता इलाज नहीं है। ऐसे में समय रहते इसकी पहचान कर इलाज करवाना की जरूरी हो जाता है।

### यह बोले चिकित्सक

डा. संदीप ने बताया कि यदि कोई भी गर्भवती महिला एचआईवी संक्रमित पाई जाती है और वह लगातार अपना सही ढंग से इलाज करवाए तो उसके बच्चे में एचआइवी संक्रमण जाने से रोका जा सकता है। यही कारण है कि विभाग द्वारा सभी गर्भवती महिलाओं का एचआईवी जांच की जाती है।

### जागरूकता जरूरी

नागरिक अस्पताल कैथल में चलाए जा रहे एआरटी सेंटर के चिकित्सक डा. संदीप ने बताया कि एचआईवी पर नियमित दवाई खाने से काबू पाया जा सकता है। एआइवी को रोकने के लिए जागरूकता सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। यही कारण है कि अस्पताल, सीएचसी या पीएचसी में प्रत्येक गर्भवती महिला का एचआईवी जांच की जाती है।

### 4 आईसीपीसी सेंटर

स्वास्थ्य विभाग द्वारा एचआइवी पर काबू पाने को लेकर जहां नागरिक अस्पताल में एआरटी सेंटर बनाया गया है तो वहीं कलायत, राजौंद, कैथल और पूंडरी में आइसीपीसी सेंटर भी बनाए गए हैं। यहां मरीजों को सभी प्रकार की काउसंलिंग व दवाइयां मुहैया करवाई जाती हैं।

### बांटी 1.10 करोड की आर्थिक सहायता

सरकार द्वारा एचआइवी मरीजों की आर्थिक सहायता भी की जाती है ताकि वे अपना जीवन यापन सही ढंग से कर सकें। आंकड़ों के अनुसार जिन मरीजों की वार्षिक आय 1.80 लाख प्रतिवर्ष से कम होती है तो उन्हें करीब तीन हजार रुपये प्रतिमाह आर्थिक सहायता दी जाती है। 2024 में सरकार द्वारा एचआइवी मरीजों को 1.10 करोड़ की आर्थिक सहायता मुहैया करवाई गई है।

### चलाया जा रहा है जागरूकता अभियान : सीएमओ



सिविल सर्जन कैथल डा. रेनू चावला ने बताया कि अस्पताल में एचआइवी वायरस को रोकने के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। एआरटी सेंटर में चिकित्सक व अन्य स्टाफ उपलब्ध करवाया गया है। एचआइवी रोकने को लेकर समय-समय पर जागरूकता अभियान भी चलाया जाता है।

### ऐसे बरतें सावधानी

यदि एचआईवी के लक्षणों की बात करें तो किसी भी व्यक्ति को असुरक्षित यौन संबंध बनाने संक्रमित खून के संकल्प संपर्क में आने इंजेक्शन को शेयर करने आदि से एचआईवी हो सकता है। इसके अलावा बच्चों में यह वायरस मां से फैलता है। गर्भावस्था, प्रसव या स्तनपान के दौरान मां से बच्चों में एचआईवी फैल सकता है। इसकी मुख्य रूप से तीन स्टेज बताए जाते हैं। यदि इसके बचाव की बात करें तो भारत में पहली बार एचआईवी के मामले सेक्स वर्कर में सामने आए थे। इसके बाद यह मामले निरंतर लगातार बढ़ रहे हैं। ऐसे में इस गंभीर और जानलेवा वायरस से बचने के लिए सबसे जरूरी सेफ सेक्स शारीरिक संबंध बनाने से पहले सावधानी बरतना जरूरी है। इसके अलावा इंजेक्शन शेयर करने और नशीली दवाओं के उपयोग से भी इसके होने का अंदेशा बढ़ जाता है।

## साइक्लोथॉन को सीएम करेंगे हरी झंडी दिखाकर रवाना

# नशे के खिलाफ आज एकजुट होगा जींद

पुराने बस अड्डे के निकट बनाई गई स्टेज सभी तैयारियां पूरी
यात्रा को लेकर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद







जींद। बैठक में यात्रा को लेकर दिशा-निर्देश देते हुए डीसी व कार्यक्रम को लेकर गोहाना रोड पर क्रॉसिंग को किया गया ब्लॉक।

हरियाणा प्रदेश में नशे के खिलाफ निकाली जा रही साइक्लोथॉन यात्रा को शुक्रवार को हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे। साइक्लोथॉन यात्रा को लेकर प्रशासन द्वारा इसे लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

बाकायदा गोहाना रोड पर स्टेज बनाया गया है। कार्यक्रम में जिला के सरकारी स्कूलों में पढऩे वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री प्रोत्साहन स्वरूप साइकिल वितरित करेंगे। यात्रा के सफल आयोजन को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

**पुराना बस अड्डा से होते हुए पटियाला चौक, टैंडरी मोड, ईक्कस होते नारनौंद में करेगी प्रवेश :** साइक्लोथॉन यात्रा 25 अप्रैल को पुराना बस अड्डा नजदीक लाल बत्ती चौक से होती हुई रानी तालाब, सफीदों गेट, रुपया चौक, पटियाला चौक, टैंडरी मोड, ईक्कस होती हुई नारनौंद में प्रवेश करेगी।

### प्रशासन ने की पूरी तैयारी

यात्रा को लेकर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। बाकायदा गोहाना रोड पर पेड़ों की कटाई व छंटाई का कार्य किया गया है। जो बिजली तारें ढीली थी, उनको टाइट करवाया गया है। जनस्वास्थ्य विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि जहां से साइक्लोथॉन यात्रा निकलेगी वहीं पर पर्याप्त स्वच्छ पेयजल का प्रबंध करवाना सुनिश्चित होगो। खेल विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि वे खिलाडिय़ों, युवाओं की इस यात्रा में अधिक से अधिक भागीदारी करवाएं। अधिकारी ग्राम पंचायतों, जिला पार्षदों, ब्लॉक समिति मैम्बरों, धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं को भी इस मुहिम में जोड़ें।

### यात्रा को लेकर डीसी ने ली अधिकारियों की बैठक


डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने यात्रा को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे यात्रा के सफल आयोजन को लेकर तमाम तैयारियां पूर्ण रखें और जिस भी अधिकारी को इस यात्रा को लेकर जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसे गम्भीरता से निभाएं। यात्रा को लेकर डीसी ने वीरवार को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में अधिकारियों की बैठक भी ली। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह, एडीसी विवेक आर्य, एसडीएम सत्यवान सिंह मान, जुलाना एसडीएम होशियार सिंह, नगराधीश डा. आशीष देशवाल व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### साइक्लोथॉन यात्रा के माध्यम से नशे के खिलाफ संदेश हर घर तक पहुंचेगा : डीसी

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि 25 अप्रैल को सुबह छह बजे हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्यमंत्री अतिथि शिरकत करेंगे। सीएम पुराना बस अड्डा नजदीक लाल बत्ती चौक से साइक्लोथॉन यात्रा को झंडी दिखा कर रवाना करेंगे। यह साइक्लोथॉन यात्रा एक प्रशासनिक कार्य नही है बल्कि यह एक समाज सेवा का कार्य है। साइक्लोथॉन यात्रा के माध्यम से नशे के खिलाफ संदेश को प्रत्येक घर तक पहुंचेगा।

### साइक्लोथॉन का रूट मैप तैयार
### सुबह चार से नौ बजे तक रानी तालाब से गोहाना रोड पुल तक वाहनों की नो एंट्री

**जींद।** जींद में आयोजित साइक्लोथॉन रैली के कारण शुक्रवार 24 अप्रैल को ट्रैफिक व्यवस्था में महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। यह रैली नशा मुक्ति के संदेश को प्रसारित करने के उद्देश्य से निकाली जा रही है। साइक्लोथॉन जींद पहुंच चुकी है। शुक्रवार सुबह के लिए जींद पुलिस ने नए बस अड्डा के पास गोहाना रोड पुल से पुराना बस अड्डा लाल बत्ती चौक, रानी तालाब से एसडी स्कूल, रुपया चौक से पटियाला चौक, ईक्कस गांव के लिए एडवाइजरी जारी की है। वहीं ट्रैफिक पुलिस ने ट्रैफिक एडवाइजरी जारी कर जींद का रोडमैप तैयार किया है ताकि साइक्लोथॉन में कोई बाधा उत्पन्न न हो और वाहन चालक भी परेशान न हों। जींद पुलिस ने ट्रैफिक एडवाइजरी जारी करते हुए कहा है कि 25 अप्रैल को साइक्लोथॉन रैली जींद से नारनौंद के लिए रवाना होगी। ऐसे में सुबह 4 बजे से 9 बजे तक ट्रैफिक रूट डायवर्जन किया गया है।



साइक्लोथॉन को लेकर तैयार किया गया रूट मैप।

### यह है ट्रैफिक एडवाइजरी

**गोहाना रोड :** जींद में शुक्रवार को गोहाना रोड साइक्लोथॉन के दौरान यह मार्ग बंद रहेगा। यहां पुलिस द्वारा बैरीगेटिंग करके साइक्लोथॉन में भाग लेने के लिए आने वाले बच्चों व आमजन को सुरक्षा की दृष्टि से बंद किया जा रहा है।

**सफीदों रोड :** वाहनों को इस मार्ग से डायवर्ट किया गया है।

**बस सेवाएं : सभी बसें बाईपास मार्ग से चलेंगी।**

नागरिकों के लिए सुझाव : गोहाना रोड से यात्रा करने से बचें। सुबह 5 बजे से लेकर करीब 9 बजे तक गोहाना रोड पर वाहनों का आवागमन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। इसके अलावा रानी तालाब से पटियाला चौक तक के रास्ते पर भी वाहन लेकर आना वर्जित है। सफीदों रोड और बाईपास मार्ग का उपयोग करें। यात्रा से पहले ट्रैफिक अपडेट्स की जानकारी लें। यदि आप जींद या आसपास के क्षेत्रों में यात्रा की योजना बना रहे हैं तो ट्रैफिक एडवाइजरी का पालन करें और वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें।

**साइक्लोथॉन में भाग लेने वाले प्रतिभागी कैसे पहुंचें**

नरवाना रोड व कैथल रोड से आने वाले प्रतिभागी एनएच 352 बाईपास रोड से होकर हैबतपुर गांव से परशुराम चौक होते हुए गोहाना रोड पर पहुंच सकते हैं। सफीदों रोड से आने वाले प्रतिभागी भी परशुराम चौक होते हुए गोहाना रोड पहुंच सकते हैं।

### मास्टर राममेहर ने जूड़ो में जीता गोल्ड मेडल



**जींद।** मास्टर राममेहर सिंह ने हिमाचल के धर्मशाला में हुई नेशनल मास्टर्स प्रतियोगिता के जूड़ो में गोल्ड मेडल जीता है। राममेहर सिंह ने फाइनल मुकाबले में दिल्ली के खिलाड़ी को हराया। 20 से 26 अप्रैल तक हिमाचल के धर्मशाला में इंडोर स्टेडियम में सातवीं नेशनल मास्टर्स प्रतियोगिता चल रही है। इसमें हैंडबॉल, बास्केटबॉल, बेडमिंटन, जूड़ो, कबड्डी समेत कई तरह की प्रतियोगिताएं चल रही हैं। जिनमें चार हजार से ज्यादा खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इनमें उचाना के कन्या स्कूल में कार्यरत अंग्रेजी प्रवक्ता राममेहर सिंह ने हरियाणा की तरफ से जूड़ो के 90 किलोग्राम भार वर्ग में भाग लिया।

### सेशन जज रितु वाईके बहल के सम्मान में हुआ विदाई समारोह

■ अपने कार्यकाल के अनुभव सांझा किए

**कैथल।** जिला बार एसोसिएशन की ओर से बार रूम में सेशन जज रितु वाईके बहल के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। रितु वाईके बहल का यहां से डायरेक्टर ज्यूडिशल अकैडमी चंडीगढ़ में तबादला हो गया है। इसके अतिरिक्त डीएलएसए की सचिव मैडम रितु का भी प्रमोशन हो गया है। उन्हें एडीजे करनाल लगाया गया है। इस मौके पर कैथल में आए नए न्यायाधीश एडीजे मोहित अग्रवाल का भी स्वागत किया गया। मोहित अग्रवाल को यहां एनडीपीएस के मामलों की सुनवाई के लिए नियुक्त किया गया है। सबसे पहले बार एसोसिएशन के प्रधान संदीप शर्मा, उप प्रधान हेमराज वधवा, सह सचिव अमित रोहिल्ला और कोषाध्यक्ष दिनेश भाटिया ने सभी जजों का स्वागत किया। अपने संबोधन में सेशन जज रितु वाई के बहल ने कैथल में अपने कार्यकाल के अनुभव सांझा किए।

## पहलगाम की घटना को लेकर हरियाणा अधिवक्ता इकाई ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

■ पहलगाम में आतंकियों की कायरान हरकत से पनपा रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। हरियाणा अधिवक्ता परिषद इकाई कैथल का शिष्टमंडल डीसी को ज्ञापन सौपते हुए फोटो : हरिभूमि

हरियाणा अधिवक्ता परिषद इकाई कैथल द्वारा उपायुक्त कैथल प्रीति को उच्च न्यायपालिका में नियुक्ति व पारदर्शिता के लिए व पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरुद्ध ज्ञापन सौपा गया। शिष्टमंडल का नेतृत्व जिलाध्यक्ष हरदीप सिंह राणू एडवोकेट ने कहा कि यह एक नृशंस कांड है। इसकी जितनी भी निंदा की जाए कम है। ऐसा कर आतंकवाद द्वारा सीधे तौर से सरकार को चुनौती दी गई है। यह समाज के भाईचारे पर करारी चोट है। हमें आतंकवाद के खात्मे के लिए एकजुट होकर लड़ना होगा। उन्होंने कहा कि महामहिम राष्ट्रपति, मुख्य न्यायाधीश उच्चतम न्यायालय, माननीय राज्यपाल हरियाणा के नाम ज्ञापन देकर अपना पक्ष रखा गया। उपायुक्त द्वारा शिष्टमंडल की बात को सहजता से सुना तथा इस पर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

### आतंकी हमले की चारों ओर निंदा

**नरवाना।** भाजपा आईटी प्रमुख व सहमीडिया प्रभारी प्रदीप मित्तल चैशाला ने जम्मू कश्मीर के पहलगांव में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले को कायराना और दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने हमले की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी व कैबिनेट मंत्री व नरवाना विधायक कृष्ण बेदी ने केन्द्र सरकार से अपील की कि इस आतंकवादी घटना पर कड़ी से कड़ी कारवाई की जाए और कहा कि देशवासियों को पूरा विश्वास है कि हमारे जवान आतंकवादियों को मुंह तोड़ जवाब देंगे। आतंकी हमले में अपनों को खोने का दर्द हर भारतीय को है। उन्होंने मृतकों को श्रद्धांजलि और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भगवान से प्रार्थना की।

## गांवों को आत्मनिर्भर बनाना प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं चेयरमैन कान्फेड हरियाणा।

कहा : आज जींद में नशे के खिलाफ हजारों युवा होंगे साइक्लोथॉन में शामिल

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता एवं हरियाणा कान्फेड के चेयरमैन कर्मवीर सैनी ने कहा कि प्रदेश के गांवों को आत्मनिर्भर बनाना मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की प्राथमिकता में शामिल है। इसी सोच के चलते मुख्यमंत्री के नेतृत्व में ग्राम पंचायतों को पहले से ज्यादा अधिकार दिये हैं ताकि ग्राम के चुने हुए प्रतिनिधि पंचएसरपंचएब्लाक व जिला परिषद सदस्य उत्साह के साथ सरकार की नीतियों को धरातल पर लागू करते हुए अपने गांव में विकास की गति दे सकेंगे। मुख्यमंत्री ने पंचकूला में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर आयोजित प्रदेश स्तरीय समारोह में पंचायत प्रतिनिधियों को वैदिक परंपरा के अनुसार पंच.परमेश्वर बताते हुए गांवों को मजबूत बनाने और नशामुक्त गांव करने का आह्वान भी किया है। क्योंकि जब गांव मजबूत होंगेएतभी देश मजबूत होगा। इसके साथ ही सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों के लिए मुख्यमंत्री जागृत पुरस्कार योजना का शुभारंभ किया गया है।

### होगा स्वागत

चेयरमैन कर्मवीर सैनी ने बताया कि ड्रग फ्री हरियाणा अभियान के तहत प्रदेश भर में चल रही साइक्लोथॉन यात्राको शुक्रवार सुबह छह बजे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जींद शहर में पुराने बस अड्डे के पास से झंडी दिखाकर रवाना होंगे। इस यात्रा में जिलेभर से हजारों की संख्या में युवाओं समेत अन्य नागरिक गण शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि हिसार से शुरू हुई यह साइक्लोथॉन पूरे राज्य में युवाओं को जोड़ते हुए एक सामाजिक परिवर्तन की अलख जगा रही है। पूरे जींद जिले वासियों में इस आयोजन को लेकर विशेष उत्साह है। चेयरमैन कर्मवीर सैनी ने दावा करते हुए कहा कि जिले में विभिन्न स्थानों पर यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा।

### आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल जाखौली में एनसीसी के 50 कैडेटस का चयन



**राजौंद।** आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूलजाखौली में एनसीसी कैडेटों के चयन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कुल50 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ। चयन-परीक्षा की निगरानी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से कैप्टन अजय सैनी ने की। उनके साथ हवलदार अनुज कुमार तथा सीटीओ करम सिंह कसान मौजूद रहे। प्राचार्य ओ.पी.शर्मा ने अतिथियों का पुष्प-गुच्छ देकर स्वागत किया और कहा कि एनसीसी युवाओं में अनुशासन नेतृत्व व देशभक्ति की भावना विकसित करती है। उन्होंने कहा कि हमारे विद्यालय को गर्व है कि इतने अधिक कैडेट चुने गए हैं। चयन प्रक्रिया में कैडेटों को शारीरिक दक्षता परीक्षण परेड-ड्रिल तथा साक्षात्कार से गुजरना पड़ा। इस दौरान अजय सैनी ने सफल अभ्यर्थियों को बधाई दी।

**मिली सौगात** प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ग्रामीण क्षेत्र के उत्थान के लिए चला रहे अनेक योजनाएं

# गांव के विकास को गति प्रदान करती हैं पंचायती राज संस्थाएं : सतपाल

सीएम वीडियो क्रांफ्रेस के माध्यम से जिले को दी 11 करोड़ 45 लाख रुपये की राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

पूंडरी विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि देश की आत्मा हमारे गांव व उसकी संस्कृति में वास करती है और पंचायती राज संस्थाएं गांव के विकास के नींव होते हैं। ये संस्थाएं ही गांव के विकास को गति प्रदान करने का काम करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ग्रामीण क्षेत्र के उत्थान एवं आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प के साथ कार्य कर रहे है। इसमें सभी पंचायती राज संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी की जरूरत है। गांव के विकास के लिए सरकार खुले मन से धन दे ही है। ऐसे में हमारी भी जिम्मेदारी बनती है कि हमें पूरी ईमानदारी से एक एक पैसे का सही इस्तेमाल करें, ताकि इसका लाभ गांव के प्रत्येक व्यक्ति को मिले।

पूंडरी विधायक सतपाल जांबा वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित जिला स्तरीय ग्राम उत्थान सम्मेलन में संबोधित कर रहे थे। वहीं पंचकूला में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय सम्मेलन में मुख्यमंत्री नायब सैनी के भाषण को व बिहार से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के भाषण को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सुना।



कैथल। विधायक सतपाल जांबा विकास कार्यों का उद्घाटन करते हुए।

### विकास कार्यों का किया उद्घाटन

विधायक सतपाल जांबा ने वीरवार को लघु सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 11 करोड़ 45 लाख रुपये की धनराशि से विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन व शिलान्यास किया। इनमें गांव ढुमाड़ा व शिमला में फिरनी के कार्य का शिलान्यास किया। गांव खेड़ी शेरखां, डीग, फरियाबाद, ककहेड़ी, कोटड़ा, मंडवाल, मुंदड़ी, नरवलगढ़, पाई, शादीपुर और सिरसल में बनी फिरनियों का उद्घाटन किया। इसी प्रकार पबनावा, धेरडू, रसीना तथा टीक में सामुदायिक केंद्रों का उद्घाटन किया।